सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनाक 11–11–2011 की कार्यवाही

उपस्थिति :

1. श्री अजय सिंह नबियाल — अध्यक्ष।
   आई0ए0एस0
   आयुक्त, गढ़वाल मंडल।

2. श्री विजेन्द्र भण्डारी, — सदस्य।
   05, गांधी चौक, मसूरी,
   जिला देहरादून।

3. श्री ईष्वर सिंह नेगी, — सदस्य।
   पुत्र श्री पूरन सिंह नेगी,
   ग्रा0 चरगाड़ पो0 गडिगांव
   जिला–पौड़ी।

4. श्रीमती सुनीता सिंह — पदेन सचिव।
   संभागीय परिवहन अधिकारी,
   देहरादून।

संकल्प सं0–01:–

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, देहरादून की बैठक दिनांक 09.03.11 की कार्यवाही की पुश्टि की जाती है।

संकल्प सं0–02:–

सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा परिचालन पद्धति से पारित मद में उल्लिखित क्रमांक– प से पग तथा का अनुमोदन

किया जाता है।

संकल्प सं0–03:–

सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण तथा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा क्रमांक–अ, ब, स तथा द पर जारी

अस्थाई/स्थाई परमिटों का अनुमोदन किया जाता है।

संकल्प सं0–04:–

मद सं0–4 में राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा पर्वतीय मार्गो पर संचालित बसों के लिये निर्धारित मापदण्डों में किये गये संषोधन का अवलोकन किया गया। राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित निम्नलिखित मापदण्डों को देहरादून सम्भाग के मार्गो पर लागू करने की अनुमति प्रदान की जाती है, तथा इसका गजट नोटिफिकेषन की कार्यवाही भी किये जाने के निर्देष दिये जाते है ।

1. **देहरादून–मसूरी मार्ग पर संचालित बसों हेतु पूर्व में निर्धारित व्हीलबेस 190 इंच के स्थान पर 195 इंच व्हीलबेस अनुमन्य किया जाता है।**
2. **उत्तराखण्ड के सभी सम्भागों के पर्वतीय मार्गो पर संचालित बसो की अधिकतम चौडाई 234 सेमी0 के स्थान पर 250 सेमी0 अनुमन्य की जाती है।**

3. **प्रदेष के सम्भाग के पर्वतीय मार्गो पर संचालित बसों के लिये पूर्व में ओवरहैंग 50 प्रतिषत निर्धारित है। पूर्व में निर्धारित ओवरहैंग 50 प्रतिषत के स्थान पर 60 प्रतिषत इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य किया जाता है कि, वाहन स्वामी द्वारा मूल चैसिस में परिवर्तन नहीं किया जायेगा और इसके अतिरिक्त जोड लगाकर चैसिस को बढाकर 60 प्रतिषत नहीं किया जायेगा।**

संकल्प सं0–5:–

मद सं0–5 में राज्य परिवहन प्राधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा टूरिस्ट वाहनों के परमिट में अधिरोपित की जाने वाली षर्तो में किये गये संषोधनों का अवलोकन किया गया। राज्य परिवहन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित निम्नलिखित षर्तो को सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा जारी परमिटों पर लागू करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

1. **टूरिस्ट वाहनों के सम्बन्ध में मोटर कैब/मैक्सी कैब की स्थिति में वाहन के चालक द्वारा वाहन के गतिमान होने की दषा में तत्समय टेपरिकार्डर/सी0डी0 प्लेयर आदि का संचालन नहीं किया जायेगा।**
2. **टूरिस्ट बसों के सम्बन्ध में म्यूजिक सिस्टम की व्यवस्था इस षर्त पर अनुमन्य होगी कि, टेपरिकार्डर/सीडी प्लेयर आदि के संचालन की व्यवस्था बस में परिचालक के पास होगी।**
3. **सभी प्रकार की व्यवसायिक वाहन में लकडी का गुटका अनिवार्य रुप से रखा जायेगा, विशयक षर्त यथावत् लागू रहेगी।**
4. **टूरिस्ट वाहनों यथा टैक्सी/मैक्सी में वाहन के अग्र भाग में चालक एवं यात्री हेतु 02 बैकेट सीट लगायी जाये। अतः पूर्व में चालक केबिन में पार्टीषन रॉड अनिवार्य किया गया था। अब इस षर्त में उपरोक्तानुसार संषोधन किया जाता है।**

संकल्प सं0–6:–

मद सं0–6 में मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण, उत्तराखण्ड द्वारा श्री गुरबख्ष सिंह तथा अन्य की रिवीजन सं0–05/09 में पारित आदेष दिनांक 27.06.09 के अनुपालन में देहरादून–कालसी मार्ग पर रिवीजनकर्ताओं को स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। बैठक में प्राधिकरण के समक्ष मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व देहरादून–डाकपत्थर मार्ग की ओर से श्री एस के श्रीवास्तव उपस्थित हुऐ। उन्होंने कहा कि" देहरादून–डाकपत्थर मार्ग पर कोई परमिट तब तक जारी नहीं किये जा सकते हैं, जब तक उत्तर प्रदेष राज्य के साथ कोई परिवहन करार नहीं हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि देहरादून–कालसी भी इसी मार्ग का भाग है। अतः वर्तमान में इस मार्ग पर कोई परमिट जारी ना किये जायें। यदि इस मार्ग पर परमिट जारी किये जाते हैं तो, स्वीकृत परमिट नई वाहन पर ही जारी किये जायें। मा0 उच्च न्यायालय ने याचिका सं0–117/09 एमएस तथा 140/09 एमएस–श्री विजय गोयल तथा अन्य में दिनांक 22.05.09 को दिये गये अपने निर्णय में परमिटों पर नई वाहन लगाने की षर्त को सही ठहराया गया है।

वर्तमान में देहरादून –कालसी मार्ग पर स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने के विरुद्व श्रीमती सुषीला देवी एवम श्री एस के श्रीवास्तव द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल में क्रमषः याचिका सं0–96/09 तथा 103/09 दायर की गई हैं। इन याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय ने दिनांक 19.01.09 तथा 21.01.09 को इस आषय के आदेष पारित किये गये थे कि, प्रष्नगत मार्ग पर परमिटों की स्वीकृति इन याचिकाओं में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेषों के अनुसार होगी।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, देहरादून–कालसी मार्ग पर मा0 राज्य परिवहन अपीलीय न्यायाधिकरण द्वारा रिवीजन सं0 05/09 में पारित आदेष दिनांक 27.06.09 के अनुपालन में निम्नलिखित प्रार्थियों को एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने की अनुमति इस षर्त के साथ प्रदान की जाती है कि, स्वीकृत परमिट नई वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.12.11 तक जारी किया जायेगा। यह परमिट मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त याचिकाओं में भविश्य में पारित अंतिम आदेषों की षर्त के साथ जारी किये जायेंगे।

1–श्री मोहित कुमार पुत्र श्री भूशण कुमार,

2–श्री सुमित कुमार पुत्र श्री ओम प्रकाष,

3–श्री अनिल कुमार अग्रवाल पुत्र श्री डी0एम0 अग्रवाल,
4–श्रीमती रमा अग्रवाल पत्नी श्री अनिल कुमार अग्रवाल,
5–श्री इन्द्रप्रीत सिंह पुत्र श्री गुरूबक्ष सिंह।

संकल्प सं0–7:–

इस मद के अन्तर्गत मण्डलीय प्रबन्धक, संचालन, उत्तराखण्ड परिवहन निगम देहरादून को जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त बसों के लिये देहरादून–विकासनगर–कालसी मार्ग पर 10 स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 में इस मार्ग पर परिवहन निगम को परमिट जारी करने के विरुद्व अध्यक्ष, देहरादून–विकासनगर–डाकपत्थर मोटर आनर्स वेलफेयर एसोसिएषन द्वारा आपत्ति की गई थी। प्राधिकरण ने इस बैठक में यह निर्णय लिया था कि, इस सम्बन्ध में उत्तराखण्ड परिवहन निगम को प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्देषित किया जाय। परिवहन निगम ने आपत्ति के सम्बन्ध में अपना उत्तर प्रस्तुत कर दिया है, जिसका उल्लेख मद में किया गया है।

उत्तराखण्ड परिवहन निगम को प्रष्नगत मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व श्री एस के श्रीवास्तव ने आपत्ति करते हुऐ कहा कि, इस मार्ग पर समय सारिणी का निर्धारण नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि, प्राधिकरण की पिछली बैठक में निजी वाहन स्वामियों द्वारा की गई आपत्ति पर उत्तर देने के लिये परिवहन निगम को समय दिया गया था। परिवहन निगम द्वारा दिये गये उत्तर को उन्हें नहीं दिखाया गया। उन्होनें कहा कि, परिवहन निगम द्वारा दिये गये उत्तर के सम्बन्ध में जवाब दाखिल करने हेतु उनको भी समय दिया जाय।

उपरोक्त के सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, परिवहन निगम द्वारा उक्त सम्बन्ध में उत्तर अपने पत्र–73/एचक्यू/संचालन–11/2011 दिनांक 16.03.11 द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जिसको प्राधिकरण की कार्यसूची में उल्लिखित किया गया है। प्राधिकरण के संज्ञान में लाया गया कि, इस बैठक के सम्बन्ध में विज्ञप्ति समाचार पत्रों में दिनांक 23.10.11 को विज्ञापित की गई थी। उसमें इस मद का भी

उल्लेख किया गया था। अतः आपत्तिकर्ता के पास निगम के उत्तर की प्रति प्राप्त करने के लिये पर्याप्त समय उपलब्ध था, परन्तु ऐसा ना करके उनके द्वारा आज आपत्ति की जा रही है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, मण्डलीय प्रबन्धक(संचालन), उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून को जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त बसों के लिये 05 स्थाई सवारी गाडी परमिट स्वीकृत किये जाते हैं, स्वीकृत परमिट वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.12.11 तक जारी किये जायेंगे।

संकल्प सं0–8:– इस मद के अन्तर्गत अन्तर्गत देहरादून–विकासनगर–कालसी मार्ग पर निजी वाहन स्वामियों द्वारा स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु दिये गये प्रार्थनापत्रों को प्रस्तुत किया गया है। जिनके विवरण परिषिश्ट **क** तथा अनुपुरक सूची में दिये गये हैं। संकल्प सं0–6 तथा संकल्प सं0–7 में पारित आदेषानुसार प्रष्नगत मार्ग पर 5 परमिट निजी वाहन स्वामियों को तथा 5 परमिट परिवहन निगम को स्वीकृत कर दिये गये हैं। इस मार्ग पर इस प्रकार 10 परमिट स्वीकृत करने के पष्चात और परमिट जारी करने की आवष्यकता नहीं है। अतः इस मार्ग पर स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों को अस्वीकृत किया जाता है।

संकल्प सं0–9:– इस मद के अन्तर्गत श्री हरबन्ष लाल की वाहन सं0–यूए11–0690, माडल 2006 को देहरादून–डोईवाला–जौलीग्रान्ट तथा सम्बन्धित मार्ग पर अस्थाई सवारी गाडी परमिट देने हेतु मामला प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में इस मार्ग पर 48 स्थाई सवारी गाडी परमिट निजी वाहन स्वामियों को तथा 12 स्थाई परमिट उत्तराखण्ड परिवहन निगम को जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त 01 अस्थाई परमिट अनु0 जाति के अभ्यर्थी को जारी किया गया है। मार्ग पर अनु0जाति कोटे के अन्तर्गत स्वीकृत 02 परमिट अभी तक जारी नहीं किये गये हैं।

मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया जाता है कि, श्री हरबंष लाल को देहरादून–डोईवाला तथा सम्बन्धित मार्ग का अस्थाई परमिट 04 माह के लिये स्वीकृत किया जाता है। स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी हो जाने के पष्चात प्रार्थी को जारी अस्थाई परमिट स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

संकल्प सं0–10(1):– इस मद के अन्तर्गत श्रीमती बबीता देवी को डी0एल0रोड–डिफेन्स कालोनी मार्ग पर दिनांक 26.06.10 में स्वीकृत स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने तथा परमिट जारी करने हेतु समय वृद्वि करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। मामले पर विचारोपरान्त प्राधिकरण ने निर्णय लिया कि, स्वीकृत परमिट प्राप्त करने हेतु प्रार्थी को 6 माह का समय इस षर्त के साथ स्वीकृत किया जाता है कि, नई वाहन के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने तथा प्राधिकरण की वर्तमान नीति के अनुसार रु0 10,000/– प्रषमन षुल्क जमा करने पर स्वीकृत परमिट जारी किया जायेगा।

संकल्प सं0–10(2):– इस मद के अन्तर्गत श्रीमती कृश्णा देवी को प्राधिकरण की बैठक दिनांक 20.10.10 में देहरादून–डोईवाला तथा सम्बन्धित मार्ग पर स्वीकृत स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने तथा परमिट जारी करने हेतु समय बढाने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। बैठक में अपना पक्ष रखने के लिये प्रार्थिनी ना तो स्वयं उपस्थित हुई और ना ही उनका कोई अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुआ। अतः मामले को प्राधिकरण की आगामी बैठक तक के लिये स्थगित किया जाता है।

संकल्प सं0–11:– इस मद के अन्तर्गत गुरुकुल नारसन–मंगलौर मार्ग का विस्तार रुडकी तक करने के सम्बन्ध में श्री भूपाल सिंह, प्रबन्धक, किसान स्वतः षासित को–आपरेटिव सोसाइटी ग्राम मंडावली पे0 गुरुकुल नारसन, हरिद्वार के प्रार्थनापत्र को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। बैठक में प्राधिकरण के समक्ष श्री भूपाल सिंह उपस्थित हुऐ, उन्होंने प्राधिकरण को अवगत कराया कि, उक्त मार्ग पर परिवहन निगम द्वारा बस सेवा का संचालन नहीं किया जा रहा है, इसलिये उनको इस मार्ग पर सवारी गाडी परमिट जारी किया जाय। इस सम्बन्ध में परिवहन निगम के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि, निगम एक सप्ताह के अन्दर प्रष्नगत मार्ग पर बस सेवा का संचालन प्रारम्भ कर देंगे।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त यह निर्णय लिया कि, परिवहन निगम को उक्त मार्ग पर बस सेवा संचालन हेतु अंतिम अवसर देते हुऐ एक सप्ताह का समय दिया जाता है, यदि परिवहन निगम द्वारा

एक सप्ताह के अन्दर बस सेवा प्रारम्भ नहीं की जाती है तो, किसान स्वतः षासित कॉ–आपरेटिव सोसाइटी ग्राम मंडावली पो0 गुरुकुल नारसन, हरिद्वार को अस्थाई परमिट जारी कर दिये जायेंगे।

संकल्प सं0–12:– इस मद के अन्तर्गत कुलडी–लक्सर–रुडकी तथा सम्बन्धित मार्ग का वर्गीकरण उच्च श्रेणी में करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। प्रष्नगत मार्ग का वर्गीकरण वर्श 1970 में **"बी"** श्रेणी में किया गया था। इस मार्ग का विस्तार लक्सर से रुडकी वाया लन्ढौरा, बषेडी से बी.एच.ई.एल. सैक्टर 2 तथा कुलडी से बालावाली से गंगाधाट तक किया गया है। वर्श 1970 से अब तक काफी समय व्यतीत हो चुका है तथा सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन, हरिद्वार ने सूचित किया है कि, मार्ग में काफी सुधार हुआ है तथा पूर्णतः पक्का है।

बैठक में मार्ग यूनियन के सचिव श्री जयपाल सिंह द्वारा मार्ग का वर्गीकरण उच्च श्रेणी में करने के विरुद्व आपत्ति की गई है तथा निवेदन किया है कि, प्रष्नगत मार्ग को बी श्रेणी में ही रहने दिया जाय। उन्होंने निवेदन किया है कि, वर्गीकरण उच्च श्रेणी में करने हेतु उत्तराखण्ड मोटर यान कराधान अधिनियम 2003 के नियम 35 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार विचार करना अनिवार्य है।

अतः मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि मार्ग के सम्बन्ध में उत्तराखण्ड मोटर यान कराधान अधिनियम 2003 के नियम 35 में दिये गये प्राविधानों के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग से आख्या प्राप्त की जाय, तत्पष्चात मामले को पुनः प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–13:– इस मद के अन्तर्गत श्री नरेष चन्द जायसवाल के प्रत्यावेदन को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस प्रतिवेदन में यह निवेदन किया गया है कि, बहादराबाद–पिरानकलियर–रुडकी मार्ग पर अस्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने का अधिकार सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, हरिद्वार को दिया जाय। प्रतिवेदनकर्ता बुलाये जाने पर प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं हुऐ। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा अस्थाई सवारी गाडी परमिट जारी करने का अधिकार सम्भागीय

परिवहन प्राधिकरण के सचिव व सम्भाग के सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी को प्रदत्त किया गया है। उप सम्भाग के सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी को यह अधिकार प्रदत्त नहीं किया गया है।

प्राधिकरण ने विचारोपरान्त यह मत स्थिर किया कि, धारा 87 के अन्तर्गत अस्थाई स्टैज कैरेज परमिट जारी करने की षक्ति का सचिव व सचिव की अनुपस्थिति सम्भागीय परिवहन कार्यालय के सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी को क्मसपहंजपवद सुविचारित है तथा कार्यहित में है। विचाराधीन श्रेणी के अस्थाई परमिटों को जारी करने से पूर्व इस राश्ट्रीयकृत मार्ग पर परिवहन निगम द्वारा वाहन संचालन की सम्भावना आदि महत्वपूर्ण विशयों पर विचार व सभी तथ्यों का संज्ञान लेने के लिये अपेक्षित परिपक्वता, सूचनाओं की उपलब्धता व अनुभव का स्तर उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय स्तर पर सम्भव न होने के कारण यह षक्ति उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय स्तर के सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी को प्रदत्त नहीं की जा सकती है।

उक्त मार्ग राश्ट्रीयकृत मार्ग है। इस मार्ग पर वाहन चलाने के लिये उत्तराखण्ड परिवहन निगम अधिकृत है। बैठक में परिवहन निगम के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि, वह स्वयं उक्त मार्ग पर वाहन चलाने हेतु तत्पर हैं, उनके पास जे0एन0एन0यू0आर0एम0 की छोटी बसें भी उपलब्ध हैं। वह षीध्र इस मार्ग पर बस संचालन करेंगे।

प्राधिकरण द्वारा विचारोपरान्त वर्णित तथ्यों के आधार पर श्री नरेष चन्द जायसवाल के प्रत्यावेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

संकल्प सं0–14:– इस मद के अन्तर्गत विकासनगर–लांधा मार्ग पर स्थाई सवारी गाडी परमिटों हेतु प्राप्त 04 प्रार्थनापत्रों को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस मार्ग पर पूर्व में 08 स्थाई सवारी गाडी परमिट जारी किये गये थे, परन्तु वर्तमान में 04 वाहनें संचालित हो रही हैं। मार्ग पर उपलब्ध रिक्तियों में श्री रामकुमार पुत्र श्री प्रभूदयाल को उनकी वाहन सं0– यूए07बी–7321 के लिये अस्थाई परमिट जारी किया गया है।

मद में वर्णित सभी प्रार्थियों को एक–एक स्थाई सवारी गाडी परमिट स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृत परमिट प्रार्थियों को नई वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.12.11 तक जारी किये जायेंगे।

संकल्प सं0–15:– इस मद के अन्तर्गत रुडकी केन्द्र से स्थाई टैम्पो परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रार्थनापत्रों के विवरण परिषिश्ट **ख** व अनुपुरक सूची में दिये गये हैं। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, वर्तमान में रुडकी केन्द्र से 181 टैम्पो परमिट वैध हैं। काफी समय से रुडकी केन्द्र के नये विक्रम परमिट जारी नहीं किये गये हैं। रुडकी केन्द्र से परमिट जारी करने के विरुद्व बालावाली– लक्सर –रुडकी–हरिद्वार मार्ग बस आपरेटर यूनियन द्वारा आपत्ति की गई है। इस आपत्ति में यह कहा गया है कि, रुडकी षहर हरिद्वार–दिल्ली व रुडकी सहारनपुर दो राश्ट्रीयकृत मार्गो के मध्य स्थापित है। रुडकी बस स्टैन्ड पर आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। षहर में काफी मात्रा में स्कूल बस मिनी बस व औधोगिक संस्थानों की बसें संचालित हैं। उन्होंने निवेदन किया है कि, षहर मे वाहनों की भीड़ को देखते हुऐ रुडकी सेन्टर से टैम्पो परमिट जारी नहीं किये जायें।

उपरोक्त के अतिरिक्त देवभूमि आटोरिक्षा मालिक चालक कल्याण समिति ने आपत्ति की है कि, हरिद्वार में टैम्पो परमिट जारी करने पर पहले ही प्रतिबन्ध लग गया है। उन्होंने निवेदन किया है कि, रुडकी केन्द्र से विक्रम टैम्पो के नये परमिट जारी नहीं किये जायें। यदि रुडकी व लक्सर तहसील के आवेदकों को परमिट जारी किये जाते हैं तो, इन गाडियों को ग्रामीण क्षेत्र के परमिट जारी किये जायें, जिससे कि, ग्रामीणों को इन परमिटों का लाभ मिल सके और इन परमिटों का रंग भी अलग हो अन्यथा ये वाहनें हरिद्वार में ही चलेंगी और ग्रामीणों को इसका कोई लाभ नहीं मिल सकेगा।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, रुडकी क्षेत्र में आबादी में वृद्वि, षिक्षा, उधोग आदि क्षेत्रों में हुऐ विकास के फलस्वरुप परिवहन सुविधाओं में वृद्वि की आवष्यकता के दृश्टिगत् रुडकी केन्द्र से परमिटो हेतु प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्रों को निम्न षर्तो के साथ स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृत परमिट नई वाहन (7+1 सीटर) के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.12.11 तक जारी किये जायेंगे।

1. हरिद्वार जनपद का निवासी हो।
2. आवेदक के नाम अन्य कोई परमिट न हो।
3. आवेदक बेरोजगार हो।

4. आवेदक के पास हल्की वाणिज्यिक वाहन चलाने का डी0एल0 हो।
5. परमिट 03 वर्श की अवधि से पूर्व हस्तान्तरित नहीं किया जाएगा।
6. मार्ग पर संचालित वाहनों मॉडल सीमा 10 वर्श होगी तथा 10 वर्श की आयुसीमा पूरी होने पर ऊँचे मॉडल की वाहन से प्रतिस्थापन किया जाएगा।
7. वाहन का रंग नीला होगा तथा वाहन की बॉडी पर चारों साइड से "**रुडकी केन्द्र**" सुस्पश्ट प्रदर्षित होगा।
8. इस श्रेणी की एल0पी0जी0 चालित तिपहिया वाहन उपलब्ध होने, एल0पी0जी0 फिलिंग स्टेषन उपलब्ध होने पर वाहन का प्रतिस्थापन एल0पी0जी0 चालित वाहन से किया जायेगा।

संकल्प सं0–16:– इस मद के अन्तर्गत लक्सर केन्द्र से स्थाई टैम्पो परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राप्त प्रार्थनापत्रों के विवरण परिषिश्ट **ग** तथा अनुपुरक सूची में दिये गये हैं। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, वर्तमान में लक्सर केन्द्र से 20 टैम्पो परमिट जारी किये गये हैं। वर्श 1998 के पष्चात् नये परमिट जारी नहीं किये गये हैं। लक्सर केन्द्र से परमिट जारी करने के विरुद्व बालावाली–लक्सर–रुडकी–हरिद्वार मार्ग बस आपरेटर यूनियन द्वारा आपत्ति की गई है। इस आपत्ति में यह कहा गया है कि, रुडकी से लक्सर रेल यातायात उपलब्ध है। लक्सर क्षेत्र में रोडवेज, कुलडी–लक्सर–रुडकी तथा दल्लावाला–खानपुर–लक्सर मार्ग की बसें संचालित हैं। यदि लक्सर केन्द्र में विक्रमों को परमिट दिया जाता है तो, जहॉ एक ओर दुर्धटना की संख्या एवम् जाम की स्थिति में इजाफा होगा, वहीं बस मालिकों को अत्यधिक आर्थिक हानि होगी। ऐसी दषा में हमारे द्वारा अपनी मार्ग की सभी बसों/मिनी बसों को अपने प्रपत्र कार्यालय में समर्पण करने पडेंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी विभाग की होगी।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, लक्सर केन्द्र से परमिटो हेतु प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्रों को निम्न षर्तो के साथ स्वीकृत किया जाता है। स्वीकृत परमिट नई वाहन (7+1 सीटर) के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31.12.11 तक जारी किये जायेंगे।

1. हरिद्वार जनपद का निवासी हो।
2. आवेदक के नाम अन्य कोई परमिट न हो।
3. आवेदक बेरोजगार हो।
4. आवेदक के पास हल्की वाणिज्यिक वाहन चलाने का डी0एल0 हो।
5. परमिट 03 वर्श की अवधि से पूर्व हस्तान्तरित नहीं किया जाएगा।
6. मार्ग पर संचालित वाहनों मॉडल सीमा 10 वर्श होगी तथा 10 वर्श की आयुसीमा पूरी होने पर ऊँचे मॉडल की वाहन से प्रतिस्थापन किया जाएगा।
7. वाहन का रंग हरा होगा तथा वाहन की बॉडी पर चारों साइड से "लक्सर **केन्द्र"** सुस्पश्ट प्रदर्षित होगा।
8. इस श्रेणी की एल0पी0जी0 चालित तिपहिया वाहन उपलब्ध होने, एल0पी0जी0 फिलिंग स्टेषन उपलब्ध होने पर वाहन का प्रतिस्थापन एल0पी0जी0 चालित वाहन से किया जायेगा।

संकल्प सं0–17:– इस मद के अन्तर्गत डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिये विक्रम टैम्पो परमिट जारी करने के सम्बन्ध में श्री राजकुमार पुत्र श्री टीकाराम(सामान्य श्रेणी) के प्रार्थनापत्र को प्राधिकरण के समक्ष विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया था। प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 में डोईवाला केन्द्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विक्रम टैम्पो परमिटों हेतु प्राप्त समस्त प्रार्थनापत्र निम्न लिखित षर्तों के साथ स्वीकृत किये गये थेः–

"प्रथम आगत, प्रथम निर्गत के सिद्धांत पर कुल 60 परमिट वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 30–04–11 तक जारी किए जाएंगे, जिनमें से 47 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को, 11 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों तथा 02 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को जारी किए जाएंगे। निर्धारित संख्या में स्वीकृत परमिट जारी हो जाने के पश्चात् षेश प्रार्थनापत्रों की स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जाएंगी।

1. **परमिट से आच्छादित वाहन का संचालन डोईवाला में लच्छीवाला रेलवे पुल से से आगे देहरादून षहर की ओर, ऋशिकेष मार्ग पर नटराज चौक से आगे तथा हरिद्वार मार्ग पर नेपाली फार्म से आगे नहीं किया जायेगा। वाहन का संचालन डोईवाला के ग्रामीण क्षेत्रों में ही किया जाएगा।**

2. वाहनों का रंग हरा होगा तथा इन पर 05 इंच की सफेद पट्टी होगी जिसमें काले रंग से डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र अंकित होगा।

3. देहरादून जनपद का निवासी हो।

4. आवेदक के नाम अन्य कोई परमिट न हो।

5. आवेदक बेरोजगार हो।

6. आवेदक के पास हल्की वाणिज्यिक वाहन चलाने का डी0एल0 हो।

7. परमिट 03 वर्श की अवधि से पूर्व हस्तान्तरित नहीं किया जाएगा तथा आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत जारी परमिट आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को ही हस्तान्तरित किया जा सकेगा।

8. आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक, जिला प्रषासन द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे।

9. मार्ग पर संचालित वाहनों मॉडल सीमा 10 वर्श होगी तथा 10 वर्श की आयुसीमा पूरी होने पर ऊँचे मॉडल की वाहन से प्रतिस्थापन किया जाएगा।"

उपरोक्त के सम्बन्ध में अवगत करना है कि, प्राधिकरण द्वारा पारित उपरोक्त आदेषों के अनुपालन में **47 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को तथा 11 अनु0जाति के अभ्यर्थियों को जारी कर दिये गये हैं। अब केवल 02 परमिट अनु0जनजाति कोटे के अन्तर्गत जारी किये जाने षेश हैं।** परन्तु सामान्य श्रेणी की निर्धारित रिक्तियां पूर्ण हो जाने के पश्चात् भी 18 आवेदकों को प्राधिकरण द्वारा परिचालन पद्वति से परमिट जारी किये गये, जिन्होंने स्वीकृति पत्र के आधार पर वाहन क्रय कर लिये थे। वर्तमान में डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र में 76 विक्रम टैम्पो परमिट वैध हैं।

श्री राजकुमार द्वारा प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 में स्वीकृत परमिट प्राप्त करने के लिये स्वीकृति पत्र के आधार पर दिनांक 18.04.11 को वाहन क्रय कर लिया गया था। परन्तु रिक्तियां पूर्ण हो जाने के कारण उनको परमिट जारी नहीं किया गया। आवेदक वाहन क्रय कर चुके हैं, अतः उनकी आर्थिक कठिनाईयों के दृश्टिगत श्री राजकुमार को डोईवाला केन्द्र(ग्रामीण क्षेत्र) का एक विक्रम टैम्पो परमिट प्राधिकरण की बैठक दिनांक 09.03.11 में निर्धारित उपरोक्त षर्तो के साथ स्वीकृत किया जाता है।

संकल्प सं0–18(1):– इस मद के अन्तर्गत कौलागढ–विधानसभा के नगर बस परमिटों को हल्की वाहनों के परमिटों में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है।

मार्ग के बस ऑपरटरों द्वारा प्रत्यावेदन दिया गया है कि "सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 27.12.08 में कौलागढ़ से विधानसभा मार्ग पर 06 सिटी बस परमिट जारी किए गए थे। कुछ समय पष्चात् थानाकैण्ट–परेडग्राउण्ड की सिटी बसों को भी इसी रूट के परमिट अंकित कर दिए गए जिस कारण हमारी सिटी बसों को पर्याप्त सवारी न मिल पानी से काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा और हमे मजबूर होकर अपनी गाड़ियों को बेचना पड़ा, जिससे हमें बेरोजगार भी होना पड़ा और अपने परिवार के भरण–पोशण की एक बहुत बुरी स्थिति बन गयी है। उनके मार्ग की नगर बस परमिटों को हल्के वाहनों के परमिटों से परिवर्तित कर दिया जाए तथा कौलागढ़ से घण्टाघर तक का छोटे वाहन के परमिट देने की कृपा करें, ताकि हम अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकें और सरकार को राजस्व की हानि भी न हो सकें"।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, संयुक्त सर्वेक्षण समिति के माध्यम से उक्त मार्ग का पुनः सर्वे/परीक्षण कराया जाय तथा मार्ग की आर्थिक तथा लोड फैक्टर के सम्बन्ध में विस्तृत आख्या प्राप्त की जाय, तदोपरान्त मामले को आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–18(2):– इस मद के अन्तर्गत कौलागढ–विधानसभा तथा सम्बन्धित मार्ग का विस्तार बाजावाला–मसन्दावाला तक करने तथा मार्ग पर हल्की वाहनों को परमिट जारी करने के सम्बन्ध में मामला प्रस्तुत किया गया है। मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व अध्यक्ष, नगर बस सेवा, अनारवाला–गढ़ीकैण्ट–आईएसबीटी–परेडग्राउण्ड ने आपत्ति की है कि उपरोक्त मार्ग पर अलग से ठेका परमिट के टाटा मैजिक को संचालित कराना सिटी बस वालों के अधिकारों पर कुठाराघात होगा। क्योंकि अत्यधिक संख्या में विक्रम व सिटी बसें संचालित होने के कारण प्रतिस्पर्धा बारम्बार बनी रहती है, जिस कारण दुर्घटनायें एवं मारपीट व झगड़े होते रहते हैं, इसके साथ ही बस मालिक आर्थिक आधार पर कमजोर हो रहे हैं, जिससे बसों के रख रखाव में भी मुष्किलों का सामना करना पड़ता है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, कौलागढ–विधानसभा तथा सम्बन्धित मार्ग का सर्वेक्षण संयुक्त सर्वेक्षण समिति के माध्यम से कराकर विस्तृत आख्या प्राप्त की जाय, समिति का दायित्व होगा कि, वह परीक्षण कर यह बतायें कि, इस मार्ग की म्बवदवउपब प्दअपंइपसपजल के क्या कारण रहे हैं और उनके निराकरण के उपाय व इस क्षेत्र की जनता को समुचित परिवहन सुविधायें उपलब्ध कराये जाने हेतु इस मार्ग में किस प्रकार के परिवर्तन उचित होंगे। तदोपरान्त मामले को प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–19:– इस मद के अन्तर्गत बुल्लावाला–झबरावाला–डोईवाला–भानियावाला–लालतप्पड़ मार्ग पर 4 पहिया 7/8 सीटर हल्की वाहनों का संचालन स्थाई ठेका गाड़ी के रुप में करने हेतु परमिटों के लिये प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेष हेतु मामला प्रस्तुत किया गया।

उपरोक्त मार्ग पर परमिट देने के विरुद्ध श्री सुषील गैरोला द्वारा प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर इस मार्ग पर छोटी वाहनों को ठेका परमिट जारी करने के सम्बन्ध में आपत्ति की है। इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिश्ट **ध** तथा अनुपुरक सूची में दिया गया है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, परिषिश्ट घ तथा अनुपुरक सूची में वर्णित समस्त प्रार्थनापत्रों को निम्नलिखित षर्तों के साथ परमिट स्वीकृत किये जाते हैं:–

1. इस मार्ग पर कुल 20 परमिट प्रथम आगत–प्रथम निर्गत के सिद्वान्त पर नई वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किए जाएंगे, जिनमें से 15 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को, 04 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों तथा 01 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को जारी किए जाएंगे।
2. आवेदक जनपद देहरादून के निवासी हों, इस हेतु मतदाता परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदक के नाम पर अन्य कोई परमिट न हो।
4. आवेदक बेरोजगार हों।
5. उसके पास हल्की वाणिज्यिक वाहन चलाने का डी0एल0 हो।

6. आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक, जिला प्रषासन द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे।
7. परमिट को न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि तक हस्तान्तरित नहीं किया जा सकेगा तथा आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत जारी परमिट आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को ही हस्तान्तरित किया जा सकेगा।
8. परमिट पर संचालित प्रत्येक वाहन को वाहन के संचालन के सम्बन्ध में लॉगबुक भरनी अनिवार्य होंगी। जिससे टैक्स निर्धारण, समय–सारिणी का अनुपालन, वाहन के पूरे मार्ग पर संचालन की सूचना तथा वाहन माह में कितने किमी0 संचालित की गई, के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध हो सके।

स्वीकृत परमिट नई वाहनों(7/8 सीटर) के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31–12–2011 तक जारी किए जाएंगे। निर्धारित संख्या में परमिट जारी होने पर षेश प्रार्थनापत्रों की स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जाएगी।

<u>संकल्प सं0–20:–</u> इस मद के अन्तर्गत बिश्ट गांव–मंगौल–पंडितवाड़ी–गजियावाला–सप्लाई–आईएसबीटी मार्ग पर 4 पहिया 7/8 सीटर हल्की वाहनों का संचालन स्थाई ठेका गाड़ी के रुप में करने हेतु परमिटों के लिये प्राप्त प्रार्थनापत्रों पर विचार व आदेष हेतु मामला प्रस्तुत किया गया।

अध्यक्ष, महानगर बस सेवा, रायपुर–प्रेमनगर मार्ग तथा अध्यक्ष, अनारवाला–गढीकैन्ट–आईएसबीटी–परेड ग्राउन्ड ने छोटी वाहनों को ठेका परमिट जारी करने के विरुद्ध आपत्ति की है, जिसका उल्लेख मद में किया गया है। इसके अतिरिक्त श्री अरुण षर्मा तथा श्री अलाउदीन(जन प्रतिनिधि) ने प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर इस मार्ग पर छोटी वाहनों को ठेका परमिट जारी करने के सम्बन्ध में आपत्ति करते हुऐ कहा कि, छोटी वाहनों को परमिट जारी करने पर मार्ग ओवरलैप होगा। मार्ग पर दो प्रकार की वाहन संचालित होने के फलस्वरुप अनावष्यक प्रतिस्पर्धा होगी, जिससे दुर्धटना की सम्भावना हर समय बनी रहेगी। इसके अतिरिक्त श्री दर्षन सिंह द्वारा प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित होकर प्रत्यावेदन दिया गया कि, उक्त मार्ग पर परमिट जारी करने के विरुद्व उनके द्वारा रिट दायर की गई है। उन्होंने उक्त मार्ग पर प्राप्त आवेदन पत्रों की सुनवाई स्थगित करने की प्रार्थना की है।

सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रवर्तन, देहरादून ने अपने पत्र सं0–2196/प्रवर्तन/मार्ग सर्वेक्षण/09 दिनांक 21.10.09 द्वारा सर्वेक्षण आख्या प्रेशित की है, जिसके अनुसार सप्लाई डिपो से आगे इस मार्ग पर बसों का संचालन, मार्ग उबड खाबड, संकरा होने के कारण संचालन जनसुरक्षा की दुश्टि से खतरनाक है। यह मार्ग हल्के वाहन के संचालन हेतु उपयुक्त है। मार्ग से इन्दिरा नगर ग्राम, गजियावाला, मंगोल–पंडितवाडी, बिश्ट गांव तथा सिंगली आदि गांवो का सम्पर्क है, जिसकी आबादी लगभग 35000–40000 होगी।

इस मार्ग पर परमिट प्राप्त करने हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों का विवरण परिषिश्ट **च** तथा अनुपुरक सूची में किया गया है।

अतः क्षेत्रीय नागरिकों को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देष्य से प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, परिषिश्ट तथा अनुपुरक सूची में वर्णित समस्त प्रार्थनापत्र निम्नलिखित षर्तों के साथ स्वीकृत किये जाते हैंः–

1. इस मार्ग पर कुल 20 परमिट प्रथम आगत–प्रथम निर्गत के सिद्वान्त पर नई वाहनों के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर जारी किए जाएंगे, जिनमें से 15 परमिट सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को, 04 अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों तथा 01 अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को जारी किए जाएंगे।
2. आवेदक जनपद देहरादून के निवासी हों इस हेतु मतदाता परिचय पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. आवेदक के नाम पर अन्य कोई परमिट न हो।
4. आवेदक बेरोजगार हों।
5. उसके पास हल्की वाणिज्य वाहन चलाने का डी0एल0 हो।
6. आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक, जिला प्रषासन द्वारा निर्गत जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेंगे।
7. परमिट को न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि तक हस्तान्तरित नहीं किया जा सकेगा तथा आरक्षित श्रेणी के अन्तर्गत जारी परमिट आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी को ही हस्तान्तरित किया जा सकेगा।

8. परमिट पर संचालित प्रत्येक वाहन को वाहन के संचालन के सम्बन्ध में लॉगबुक भरनी अनिवार्य होंगी। जिससे टैक्स निर्धारण, समय–सारिणी का अनुपालन, वाहन के पूरे मार्ग पर संचालन की सूचना तथा वाहन माह में कितने किमी0 संचालित की गई, के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध हो सके।

स्वीकृत परमिट नई वाहनों(7/8 सीटर) के वैध प्रपत्र प्रस्तुत करने पर दिनांक 31–12–2011 तक जारी किए जाएंगे। निर्धारित संख्या में परमिट जारी होने पर षेश प्रार्थनापत्रों की स्वीकृति स्वतः समाप्त हो जाएगी। यह परमिट मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भविश्य में पारित अंतिम आदेषों की षर्त के साथ जारी किये जायेंगे।

संकल्प सं0–21:– इस मद के अन्तर्गत देहरादून–रायपुर–मालदेवता मार्ग पर चल रही टाटा मैजिक वाहनों की संख्या बढाये जाने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में मार्ग पर 6 बसें तथा 11 हल्की वाहनें (टाटा मैजिक) चल रही हैं। सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, देहरादून ने मार्ग का सर्वेक्षण करने के पष्चात आख्या प्रेशित की है कि, वर्तमान में मार्ग पर चल रही वाहनें स्थानीय जनता को परिवहन की पर्याप्त सेवायें देने में सक्षम नहीं है। उन्होंने मार्ग पर 05 हल्की वाहनों के परमिट जारी करने की संस्तुति की है।

इस मार्ग पर परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थनापत्रों के विवरण परिषिश्ट **छ** तथा अनुपुरक सूची में दिये गये हैं। प्रार्थनापत्रों का अवलोकन करने के पष्चात ज्ञात हुआ कि, अधिकतर वाहन स्वामियों द्वारा प्रार्थनापत्र ठेका गाडी के लिये निर्धारित प्रपत्र में दिये गये हैं। जबकि स्टैज कैरेज परमिट हेतु निर्धारित प्रपत्र एस0आर0 20 पर आवेदन करना अपेक्षित था। अतः प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ना होने वाले सभी आवेदनपत्रों को निरस्त करते हुऐ इस मार्ग पर विचार करना अगली बैठक तक के लिये स्थगित किया जाता है।

संकल्प सं0–22:– इस मद के अन्तर्गत ऑटोरिक्षा वाहनों में किराये का मीटर लगाने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। बैठक में प्राधिकरण के समक्ष आटोरिक्षा यूनियन के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि, वर्तमान में आटोरिक्षा का किराया बहुत कम है। यदि वाहनों में किराये का मीटर लगाया जाता है

तो, इन वाहनों का किराया बढाया जाय, उसके पष्चात ही किराये का मीटर लगाने के आदेष दिये जायें। वर्तमान में निर्धारित किराये के अनुसार वाहनों में मीटर लगाकर संचालित करना आर्थिक रुप से लाभप्रद नहीं है। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, राज्य परिवहन प्राधिकरण की गत बैठक दिनांक 31.10.11 में आटोरिक्षा की किराया दर में वृद्वि का प्रकरण विचाराधीन था।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, राज्य परिवहन प्राधिकरण को स्थिति से अवगत कराते हुऐ निवेदन किया जाय कि, आटोरिक्षा वाहनों के किराये में वृद्वि के सम्बन्ध में यदि विचार किया जाता है तो, इन वाहनों के किराये में वृद्वि इस षर्त के साथ की जाय कि, वाहनों में किराये का मीटर लगाया जाना अनिवार्य होगा। वाहनों के किराया दर में वृद्वि के प्रकरण का राज्य परिवहन प्राधिकरण के द्वारा निस्तारण के पष्चात फेयर मीटर की अनिवार्यता की षर्त आरोपित करने हेतु मामले को पुनः प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–23:– इस मद के अन्तर्गत उत्तरकाषी षहरी क्षेत्र के अन्दर स्थानीय यातायात एवम् पर्यटकों की सुविधा को द्श्टिगत रखते हुऐ आटोरिक्षा संचालन के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। जिलाधिकारी, उत्तरकाषी ने उत्तरकाषी के षहरी क्षेत्र में महिन्द्रा जियो 4 व्हीलर वाहन के संचालन के सम्बन्ध में अपने पत्र दिनांक 23.06.11 द्वारा अवगत कराया है कि, वाहन को षहरी क्षेत्र में संचालन हेतु उपर्युक्त पाया गया है। इसके अतिरिक्त सहा0 सम्भागीय परिवहन अधिकारी, प्रषासन उत्तरकाषी ने अपने पत्र दिनांक 12.05.11 द्वारा सूचित किया है कि, उत्तरकाषी नगर में वाहन संचालन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा 6 सदस्यों की समिति गठित की गई थी। समिति ने उत्तरकाषी में नगर पालिका सीमा के अन्तर्गत महिन्द्रा जियो 4 व्हीलर वाहन के सम्बन्ध में अपनी संस्तुति प्रदान की गई है कि, उत्तरकाषी षहर में 8 किमी0 अर्धव्यास क्षेत्र के लिये वाहनों को परमिट जारी किये जायें। समिति की आख्या में यह भी कहा गया है कि, उत्तरकाषी नगर धाटी में बसा होने के कारण इसका अधिकतर भाग समतल है। समिति ने नगर में यातायात की आवष्यकता की पूर्ति के लिये अधिकतम 30 वाहनों के संचालन की अनुमति दी है।

प्राधिकरण की बैठक में मैसर्स टी0जी0एम0ओ0सी0 के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया गया कि, उपरोक्त प्रकार वाहनों को परमिट दिये जाने से षहर में ट्रैफिक कन्जैषन व वायु प्रदूशण की समस्या हो सकती है। इसलिये छोटी वाहनों को परमिट दिया जाना उचित नहीं है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, उत्तरकाषी नगर में स्थानीय यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने के लिये छोटी वाहनों को चलाये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी, उत्तरकाषी से पुनः आख्या प्राप्त की जाय तथा उसके पष्चात मामले को प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–24(अ):– इस मद के अन्तर्गत हरिद्वार केन्द्र के ऑटो रिक्षा परमिटों का मार्ग 16 किमी के स्थान पर 25 किमी करने के सम्बन्ध में श्री विजय अग्रवाल अध्यक्ष, मालिक एवं चालक कल्याण समिति, रेलवे स्टेषन पंचपुरी, हरिद्वार के पत्र तथा ऑटो रिक्षा विक्रम एसोसिएशन, ललतारौपुल, रेलवे रोड़, हरिद्वार के पत्र को प्राधिकरण के समक्ष विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। बैठक में आटोरिक्षा यूनियन के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि, देहरादून व ऋशिकेष में आटोरिक्षा वाहनों के परमिटों का मार्ग बढाकर 25 किमी0 अर्धव्यास कर दिया गया है, परन्तु हरिद्वार केन्द्र से जारी आटोरिक्षा वाहनों के परमिटों का मार्ग नहीं बढाया गया है। उन्होंने निवेदन किया है कि, हरिद्वार केन्द्र से जारी आटोरिक्षा वाहनों के परमिटों का मार्ग 25 किमी0 करने की कृपा करें। उत्तराखण्ड प्रदेष विक्रम टैम्पो महासंध ने हरिद्वार केन्द्र के आटोरिक्षा वाहनों का मार्ग बढाने के सम्बन्ध में आपत्ति की गई कि, ऋशिकेष–मुनि की रेती–लक्ष्मण झूला क्षेत्र में पहले से ही आटो एवं विक्रमों की संख्या बहुत अधिक है। यदि हरिद्वार के विक्रम व आटो इस क्षेत्र में संचालित होते हैं तो, यातायात की व्यवस्था बिगड जायेगी साथ ही स्थानीय जनता को भी परेषानी का सामना करना पडेगा।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, हरिद्वार केन्द्र के आटोरिक्षा वाहनों का मार्ग 16 किमी0 के स्थान पर 25 किमी0 अर्धव्यास करने की स्वीकृति इस षर्त के साथ प्रदान की जाती है कि, वाहनों का संचालन ऋशिकेष षहर की दिषा में अधिकतम चार धाम बस अडडे(सी0टी0बी0टी0) तक किया जायेगा, जिससे बस एवं रेल से जाने वाले यात्रियों को सुविधाजनक परिवहन सुविधा मिल सके। इन वाहनों का संचालन मुनि की रेती तथा लक्ष्मण झूला क्षेत्र में प्रतिबन्धित रहेगा।

(ब) इस मद के अन्तर्गत श्री षिव कुमार षर्मा, संयोजक आटो रिक्षा विक्रम महासंध हरिद्वार के पत्र को विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। इस पत्र में हरिद्वार केन्द्र के आटोरिक्षा परमिटों का मार्ग बढाकर 25 किमी0 अर्धव्यास करने का निवेदन किया है। इस सम्बन्ध में संकल्प सं0–24(अ) में आदेष पारित कर दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त हरिद्वार केन्द्र के विक्रम टैम्पो परमिटों पर मुनि की रेती एंव डोईवाला में संचालन हेतु लगाये गये प्रतिबन्ध को समाप्त करने हेतु निवेदन किया गया है। इस सम्बन्ध में प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, स्थान की संकीर्णता के कारण हरिद्वार केन्द्र के विक्रम टैम्पो वाहनों का संचालन डोईवाला तथा मुनि की रेती क्षेत्र में प्रतिबन्धित किया गया था। पुनः इस प्रत्यावेदन के प्राप्त होने पर ऋशिकेष के पुलिस, प्रषासन के अधिकारियों से इस पर अपना अभिमत देने के लिये पत्र लिखा गया था।

क्षेत्राधिकारी, ऋशिकेष ने अपने पत्र दिनांक 13.06.11 द्वारा सूचित किया है कि, ऋशिकेष क्षेत्र की सडकें संकुचित होने के कारण पूर्व से ही अधिक संख्या में संचालित हो रहे विक्रम टैम्पो वाहनों के कारण आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसी स्थिति में अधिक विक्रम वाहनों को ऋशिकेष क्षेत्र में तथा ऋशिकेष से लक्ष्मण झूला की ओर संचालित करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं होगा।

अतः प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, ऋशिकेष में स्थान की संकीर्णता के कारण हरिद्वार केन्द्र के विक्रम टैम्पो वाहनों को लक्ष्मणझूला–मुनि की रेती क्षेत्र में संचालन की अनुमति देना उचित नहीं होगा। प्राधिकरण ने यह भी निर्णय लिया कि, हरिद्वार तथा ऋशिकेष केन्द्र से संचालित विक्रम टैम्पो वाहनों के लिये अलग–अलग रंग निर्धारित करने के सम्बन्ध में एक समिति का गठन किया जाता है। इस समिति में परिवहन, पुलिस तथा प्रषासन के अधिकारियों को सम्मिलित किया जाय। इस समिति का यह कार्य होगा कि, वे इन वाहनों के रंग संयोजन आदि के बारे में सुझाव देंगे, जिसके आधार पर इन वाहनों का संचालन निर्धारित क्षेत्रों में ही हो व ट्रैफिक, जाम आदि की समस्याओं पर अंकुष लग सके।

संकल्प सं0–25:– इस मद के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्थापित चालक प्रषिक्षण संस्थान झाझरा में चालकों को रिफ्रेषर प्रषिक्षण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में मामला प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकरण को बैठक में टी0जी0एम0ओ0सी0 ऋशिकेष के प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि, चालक प्रषिक्षण संस्थान राज्य के सभी जनपदों में स्थापित नहीं है। जिस कारण से राज्य के सभी दूरदराज के क्षेत्रों से झाझरा,

देहरादून में रिफ्रैषर प्रषिक्षण प्राप्त करने हेतु आना सम्भव नहीं होगा। उन्होंने सुझाव दिया कि, यदि चालकों को प्रषिक्षण दिया जाना आवष्यक है तो, प्रत्येक जनपद में प्रतिमाह प्रषिक्षण कैम्प लगाये जायें, ताकि इन कैम्पों में स्थानीय वाहन चालक प्रषिक्षण प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भ अवगत कराया कि, पूरे राज्य से वाहन चालकों को प्रषिक्षण के लिये झाझरा देहरादून में बुलाया जाना व्यवहारिक नहीं है, इससे अनेक प्रकार की कठिनाईयां उत्पन्न होंगी। प्राधिकरण ने विचारोपरान्त निम्नलिखित मत व्यक्त कियाः–

- यात्री वाहनों में चालक प्रषिक्षण संस्थान, झाझरा में रिफ्रैषर कोर्स पूर्ण करने वाले चालकों को ही नियोजित करने की षर्त लगाने से व्यवहारिक कठिनाईयां आयेंगी, क्योंकि रिफ्रैषर कोर्स की सुविधा देहरादून के अलावा अन्य क्षेत्रों में नहीं है। अतः इस षर्त के अनुपालन को सुनिष्चित करने में जनसहयोग के अभाव में कठिनाई होगी।
- उल्लेखनीय है कि, चार धाम यात्रा आदि में वाहनों की प्रायः कमी पड जाती है। इस षर्त से यह समस्या और विकट हो सकती है।
- इस सम्भाग के यात्री वाहनों की संख्या को देखते हुऐ उनसे जुडे चालकों के प्रषिक्षण के लिये चालक प्रषिक्षण संस्थान को भी समय लगेगा। अतः इस स्तर पर रिफ्रैषर कोर्स को अनिवार्य कर देना उचित नहीं रहेगा।
- अन्य राज्यों व अन्य सम्भागों के यात्री वाहनों पर इस कोर्स की अनिवार्यता का क्रियान्वयन सहज नहीं होगा।

अतः प्राधिकरण द्वारा यह निर्णय लिया गया कि, इस विशय में राज्य परिवहन प्राधिकरण/परिवहन आयुक्त को यह प्रस्ताव भेजा जाय कि, व्यवसायिक यात्री वाहनों के चालक लाइसेंसों के नवीनीकरण के लिये रिफ्रैषर कोर्स को अनिवार्य करने के लिये षासनादेष जारी करवाया जाय। इसके फलस्वरुप एक निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत सभी चालक रिफ्रैषर कोर्स से आच्छादित हो जायेंगे व सडक सुरक्षा को सुनिष्चित करने में सरलता होगी।

संकल्प सं0–26:– इस मद के अन्तर्गत चार धाम यात्रा में संचालित होने वाले यात्री वाहनों को ग्रीन कार्ड जारी करने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रतिवर्श माह मई से अक्टूबर/नवम्बर तक

हरिद्वार/ऋशिकेष से चार धाम यात्रा श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री तथा यमुनोत्री धामों के लिये संचालित होती है। यात्रा में संचालित सभी यात्री वाहनों को यात्रा अवधि के दौरान ग्रीन कार्ड जारी किये जाते हैं। ग्रीन कार्ड जारी करने का मुख्य उद्देष्य यह होता है कि, यात्रा मार्गो पर चैकिंग के दौरान वाहन चालकों को वाहन के समस्त प्रपत्र ना दिखाने पडे तथा चैकिंग अधिकारियों को भी समस्त प्रपत्रों के स्थान पर ग्रीन कार्ड देखने में समय की बचत के साथ– साथ सुविधाजनक भी होगा। प्राधिकरण ने यह निर्णय लिया कि, चार धाम यात्रा के लिये सभी व्यवसायिक यात्री वाहनों के परमिटों में ग्रीन कार्ड की अनिवार्यता की षर्त आरोपित कर दी जाय।

प्राधिकरण ने यह भी निर्णय लिया कि, सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जो कि पंजीयन अधिकारी भी हैं, अपने अधिकार क्षेत्र में चार धाम यात्रा पर जाने वाली व्यवसायिक यात्री वाहनों पर ग्रीन कार्ड की षर्त की अनिवार्यता को उत्तरप्रदेष मोटर यान नियमावली, 1998 के नियम 178(1) में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत लागू करेंगे तथा इस प्रतिबन्ध का गजट नोटिफिकेषन भी करवायेंगे।

संकल्प सं0–27:– इस मद के अन्तर्गत पर्वतीय मार्गो पर चलने वाले जनभार वाहनों की भार क्षमता में वृद्वि करने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, पर्वतीय क्षेत्र में अनेक जल विधुत परियोजनाऐं बन रही हैं। इन परियोजनाओं के लिये भारी सामान की आपूर्ति की जा रही है, जिसके फलस्वरुप पर्वतीय मार्गो तथा उन पर पडने वाले पुलों में काफी सुधार हुआ है। वर्तमान में भार सहित 31500 किग्रा0 वजन तक की वाहनों का पर्वतीय मार्गो पर संचालन हो रहा है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग तथा सीमा सडक संगठन आदि सम्बन्धित विभागों से इस आषय की आख्या प्राप्त की जाय कि, पर्वतीय मार्गो पर कितने भार तक की वाहनों को संचालित किया जाना सुरक्षित है। आख्या प्राप्त हो जाने के पष्चात मामले को प्राधिकरण की आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

संकल्प सं0–28:– इस मद के अन्तर्गत डोईवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिये जारी किये गये 14 विक्रम टैम्पो परमिटों का मार्ग विस्तार डोईवाला से आईएसबीटी करने के सम्बन्ध में मामला विचार व आदेष हेतु प्रस्तुत किया जाय। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि, डोर्डवाला केन्द्र से ग्रामीण क्षेत्रों के लिये विक्रम टैम्पो परमिट दिनांक 09.03.11 की बैठक में स्वीकृत किये गये थे। वर्तमान में डोर्डवाला ग्रामीण क्षेत्र के लिये 76 परमिट जारी किये गये हैं। इस मार्ग की वाहनों को आईएसबीटी तक चलने की अनुमति देने के विरुद्व विक्रम जनसुविधा उत्थान समिति, डोईवाला देहरादून ने आपत्ति की है कि, डोईवाला से रिस्पनापुल, आईएसबीटी तक चलने की आज्ञा ग्रामीण क्षेत्र के लिये जारी विक्रम टैम्पो वाहनों को नहीं दी जाय, क्योंकि आईएसबीटी के लिये पूर्व से ही डोईवाला केन्द्र की विक्रम वाहनें संचालित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त महानगर बस सेवा, डी0एल0रोड–डिफेन्स कालोनी–नवादा मार्ग बस यूनियन ने भी विक्रम वाहनों को आईएसबीटी तक चलने की अनुमति देने के विरुद्व आपत्ति की है।

प्राधिकरण ने मामले पर विचारोपरान्त निर्णय लिया कि, चूंकि यह परमिट डोईवाला के ग्रामीणों क्षेत्रों में संचालन हेतु जारी किये गये हैं। अतः इन वाहनों का मार्ग विस्तार आईएसबीटी तक करना उचित नहीं है। अतः श्री इरफाक अहमद के प्रार्थनापत्र को अस्वीकृत किया जाता है।

